Prabhat Khabar, Kolkata, September 04, 2010

निखरने लगा है छात्रों का व्यक्तित्व : मंत्री

संवाददाता

कोलकाता : आज शिक्षा के क्षेत्र में काफी सकारात्मक बदलाव आया है. इन दिनों शैक्षणिक संस्थान बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने पर भी ध्यान दे रहे हैं. पाठ्यक्रम से इतर गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक है. इससे उनका व्यक्तित्व निखर रहा है. ये बातें राज्य के आइटी मंत्री देवेश दास ने शुक्रवार को टाटा कंसलटैंसी सर्विसेज की ओर से आयोजित टीसीएस आइटी विज 2010 नामक क्विज प्रतियोगिता के दौरान कहीं. इस प्रतियोगिता में महानगर के 1100 बच्चों ने भाग लिया. डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर इंगलिश स्कूल के सायंतन भट्टाचार्य व देवार्घ बोस ने प्रतियोगिता जीती है. 12 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी ही

क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी देते मंत्री देवेश दास व अन्य.

प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. इस प्रतियोगिता में आठवीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं. पूर्वी क्षेत्र से इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सायंतन व देवार्घ को चुना गया है. टीसीएस, कोलकाता के मुख्य अधिकारी श्रीधर बख्शी ने विजयी बच्चों को ट्रॉफी प्रदान की. नेशनल स्तर की प्रतियोगिता में आइटी संबंधी सवाल भी पूछे जायेंगे. श्री बख्शी ने उम्मीद जतायी है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो लाख छात्र-छात्राएं भाग लेंगे. नेशनल आइटी विज प्रतियोगिता में टीसीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर मौजूद रहेंगे.